Washim District Police

Nature of Work :- **Raid on Jugar**

Police Station :- **Washim City**

Date of Good Work done :- **01/06/2022**

Brief of the work done :-

वाशिम शहरातील सवेरा कॉलनी परिसरातील जुगार अड्ड्यावर पोलीस पथकाची धाड ; 07 जुगाऱ्यांसह 1.62 लाखांचा मुद्देमाल ताब्यात.

पुलिस की जुआ अड्डे पर कार्रवाई 1.62 लाख का माल ज़ब्त

जिला प्रतिनिधि | वाशिम

स्थानीय सवेरा कालोनी परिसर में रेलवे पटरी से सटे एक टिनशेड के पास शुरु जुआ अड्डे पर पुलिस ने छापा मारकर 7 जुआरियों के कब्जे से नकदी समेत 1 लाख 62 हजार 830 रुपए की सामग्री जब्त की। वाशिम के उपविभागीय पुलिस अधिकारी सुनीलकुमार पुजारी के विशेष पुलिस दल को स्थानीय सवेरा कालोनी परिसर में रेलवे पटरी से सटे एक टिनशेड के पास 5 से 7 लोगों द्वारा 52 ताश पत्तों का जुआ पैसों से खेले जाने की गोपनीय सूचना सोमवार को मिली। दल ने इसकी जानकारी उपविभागीय पुलिस अधिकारी सुनीलकुमार पुजारी को दी। उनके मार्गदर्शन में विशेष दल ने सवेरा कालोनी क्षेत्र में रेलवे पटरी से सटे टिन शेड के पास शुरु जुआ अड्डे पर छापा मारकर 52 ताश पत्तों पर जुआ खेलते समय 7 लोगों को पंचों समक्ष पकड़ा। उनके कब्जे से जुआ सामग्री, नकद राशि, मोटर साइकिल समेत एक लाख 62 हजार 830 रुपए का माल भी पंचों के समक्ष जब्त किया गया।

इन्होंने की कार्रवाई

इस मामले में पकड़े गए 7 लोगों के खिलाफ वाशिम शहर पुलिस स्टेशन में अपराध दर्ज किया गया। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक व उपविभागीय पुलिस अधिकारी के मार्गदर्शन में उपविभागीय पुलिस अधिकारी के विशेष दल इन्चार्ज पुलिस उपनिरीक्षक राहुल चौधरी, पुकां हरिभाऊ कालापाड, पुकां महादेव भिमटे, पुकां नितिन चोपड़े, पुकां मनीष बिडवे ने की।

दैनिक भास्कर
Wed, 01 June 2022
https://epaper.bhaskarhindi.com/c/68376344